## खबर संक्षेप

### सदिंग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों से महिला के गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तारावती कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### दो स्थानों पर के टूटे ताले चार भैंस व कटड़ी चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर पशुबाड़ों के ताले तोड़ कर चार भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईंटल कलां निवासी कविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके पशुबाड़े का ताला तोड़ कर दो भैंस तथा एक कटड़ी को चोरी कर लिया।

### रोहन सैनी बने एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून उत्तराखंड में संपन्न हुआ। जिसमें जींद चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय से छात्र नेता रोहन सैनी को पुनःएबीवीपी का राष्ट्रीय कार्य करने सदस्य बनाया गया। रोहन सैनी 2014 से एबीवीपी से जुड़े हुए हैं और वह पूर्व में एबीवीपी के बहुत से दायित्वों पर रहे हैं। वह निरंतर एबीवीपी से जुड़ कर छात्र हितों में कार्य करते रहे हैं।

### जींद:विश्व एड्स दिवस पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**जींद।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में रेड रिबन क्लब जींद के तत्वाधान में राजकीय पीजी कालेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय जींद में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें हस्ताक्षरों के माध्यम से एड्स जैसी भयंकर बीमारी के लिए समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

### चौकी बस अड्डा के इंचार्ज ने दिखाई ईमानदारी

**जींद।** नए बस अड्डा चौकी में तैनात इंचार्ज को मिली सोने की बाली उसके मालिक को सौंप कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सिविल थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि गत 28 नवंबर को नया बस अड्डा चौकी इंचार्ज सत्यवान बस अड्डे पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें सड़क किनारे महिला की एक सोने की बाली पड़ी हुई मिली। जिस पर सत्यवान ने बस स्टैंड परिसर में लाउडस्पीकर से घोषणा करवाई ओर अपने उच्चाधिकारियों को सूचना दी।

### गांव मखंड में पूर्व डिप्टी सीएम का किया स्वागत

**उचाना।** मखंड गांव पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सीएम नायब सैनी से सवाल करते कहा कि सीएम नायब सैनी ने बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने का ऐलान करते हुए नवंबर से इस फैसले को लागू करने की बात कही थी और अब तो दिसंबर भी आ गया है लेकिन अभी तक बुजुर्गों की पेंशन 3200 रुपये प्रति माह नहीं हुई है। मखंड गांव पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

---

### गीता पर अमल कर जीवन को बनाएं सरल : रामकुमार कश्यप

# मोहत्सव में डीपीएस के विद्यार्थियों ने महाभारत प्रसंग पर भव्य प्रस्तुति दी

**गीता के 18 श्लोकों का सामूहिक उच्चारण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बिखेरी छटा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन समापन समारोह में डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अनूठी छटा बिखेरी। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा गीता के 18 श्लोकों का सामूहिक उच्चारण किया गया। मुख्य अतिथि इंद्री के विधायक एवं मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप ने लोगों से गीता पर अमल कर जीवन को सरल बनाने की अपील की। आज कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई। इसके बाद राधा-कृष्ण, महाभारत प्रसंग आदि को लेकर मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूली बच्चों ने शिव तांडव और डीपीएस के विद्यार्थियों ने महाभारत प्रसंग पर भव्य प्रस्तुति दी। तन्नु शर्मा म्यूजिक ग्रुप ने राधा-कृष्ण पर भव्य नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूली बच्चों ने गीता के 18 श्लोकों का सामूहिक उच्चारण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गीता का जन्म 5163 साल पहले कुरुक्षेत्र के महाभारत युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को कर्तव्य का बोध और उसकी भ्रमित अवस्था को दूर करने के लिए दिए गए संदेश से हुआ। गीता का संदेश है-फल की चिंता किए बिना कर्म करो। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पढ़ाई रूपी कर्म को पूरी मेहनत से करें, परिश्रम का फल जरूर मिलेगा। कश्यप ने कहा कि गीता सार के अनुसार आत्मा अमर है। धर्म और कर्तव्य सर्वोपरि हैं। मन पर नियंत्रण सबसे बड़ी विजय है। सुख-दुख, लाभ-हानि आदि परिस्थितियों में विचलित न होकर कार्य करना है। भगवान हर समय साथ हैं। उन्होंने कहा कि गीता निराशा में आशा, दुख में धैर्य, भ्रम में स्पष्टता, संकट में साहस, मोह में विवेक और कर्तव्य में धीरता सिखाती है।



**करनाल।** जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विधायक रामकुमार कश्यप।

#### फल की इच्छा बिना कर्म करने के संदेश पर करें अमल

इससे पहले स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने गीता जयंती की शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज ने वैश्विक स्तर पर गीता ज्ञान महोत्सव की अलख जगाई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। गीता के पावन ग्रंथ की घरों में मान्यता है। गीता के इस संदेश-कर्म किए जा, फल की इच्छा न कर पर सभी को अमल करना चाहिए।

#### गीता का हर श्लोक प्रेरणादायक : कबीरपंथी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि आज मोक्ष दायिनी एकादशी के दिन ही 5163 साल पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को संदेश दिया था। भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविंद से निकला एक-एक शब्द श्रीमद्भागवत गीता के रूप में मौजूद है। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं है, इसका एक-एक श्लोक प्रेरणादायक है। विधायक ने गीता जयंती समारोह के विस्तार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज विदेशी भी गीता के महत्व को समझने लगे हैं।



करनाल। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

#### गीता मानव कल्याण का ग्रंथ : संजय

विभाग प्रचारक संजय ने कहा कि बाइबल के बाद सबसे बड़ा अनुवादित ग्रंथ गीता है। गीता भारत के अलावा विदेशों में भी सब भाषाओं में उपलब्ध है। यह ऐसा ग्रंथ है जिसका कहीं विरोध नहीं है। गीता में हर समस्या का समाधान है। यह मानव कल्याण का ग्रंथ है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी गीता का अध्ययन करते थे। गीता में भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच हुए संवाद को उद्धृत किया गया है।

---

# सरकार लोगों को मुहैया करवा रही सभी सुविधाएं

- विधायक राम कुमार कश्यप व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप तथा महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सोमवार को संयुक्त रूप से सेक्टर-32 व सेक्टर-9 पार्ट 2 की विभिन्न गलियों के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इन गलियों का निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण करनाल की ओर से किया जाएगा। करीब 18 किलोमीटर लंबी गलियों के निर्माण पर 5 करोड़ 57 लाख 77 हजार 454 रुपये की राशि खर्च होगी। यह कार्य लगभग 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि गलियों के सुदृढ़ होने से सेक्टर वासियों का आवागमन सुगम बनेगा और उनको सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं लगातार मुहैया करवाई जा रही हैं। शहर में करोड़ों रुपयों की परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिससे शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर मेयर रेनू बाला गुप्ता ने गलियों के कार्य का शुभारंभ होने पर स्थानीय निवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विकास की दृष्टि से करनाल शहर निरंतर आगे बढ़ रहा है। सडक्रें क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।



करनाल। विकास कार्यो का शुभारंभ करते हुए विधायक रामकुमार कश्यप व मेयर रेणु बाला गुप्ता।

#### वाहन चालकों को बेहतर सुविधा मिलेगी

मेयर ने कहा कि गलियों के पक्का होने से यहां के निवासियों तथा बाहर से आने वाले लोगों व वाहन चालकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से प्रत्येक कार्य हो, इसके लिए परियोजना स्थल पर बोर्ड प्रदर्शित किया जाता है, जिस पर कार्य से सम्बंधित ब्यौरा दर्ज होता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि कार्य बेहतर तरीके से हो, इसलिए वह भी कार्य पर अपनी निगरानी बनाकर रखें। अगर कहीं खामी दिखाई दे, तो उसकी सूचना सम्बंधित इंजीनियरों व पार्षद से कर सकते हैं, ताकि उसे समय रहते ही दुरूस्त करवाया जा सके। इस मौके पर वार्ड 2 पार्षद प्रतिनिधि नरेश पाल, एच.एस.वी.पी. करनाल के अधीक्षण अभियंता धर्मवीर सिंह, उपमंडल अभियंता-1 सुखविन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता रजनीश कुमार के अतिरिक्त रोशन पाल, ईलम सिंह आदि रहे।

---

# विधायक रामकुमार कश्यप ने सुनी हलके के लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनी और फोन के माध्यम से अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि हर सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं आते हैं। उनका यही प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो,जिससे उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जिस गांव में कोई समस्या हो, उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका त्वरित समाधान हो सके। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र के तहत हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है।



**इंद्री।** इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

# विश्व एड्स दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

- विधायक राम कुमार कश्यप व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विश्व एड्स दिवस के प्रतीक 'रेड रिबन' लोगो का निर्माण किया गया, जिसने विद्यार्थियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर महेंद्र सिंह बागी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण, उसके फैलने के कारणों, रोकथाम के उपायों तथा रेड रिबन लोगो के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होने कहा कि रेड रिबन का लाल रंग रक्त और जीवन का प्रतीक है।



इंद्री 1 विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय मे बनाया गया रेड रिबन ।

#### जागरूक किया

प्राचार्य ने कहा कि यह हमें यह संदेश देता है कि एचआईवी से लड़ाई में जागरूकता, संवेदनशीलता और वैज्ञानिक सोच अत्यंत आवश्यक है। यह लोगो समाज में संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सहयोग, सम्मान और भेदभाव-मुक्त व्यवहार का संकेत देता है। रेड रिबन लोगो बनवाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में एचआईवी के प्रति जागरूकता फैलाना, समाज में भेदभाव को कम करना और सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के कन्वीनर प्रो. रणबीर सिंह ने समन्वय की भूमिका निभाई। इस मौके पर प्रो. मीरा कश्यप, प्रदीप भारतीय, ममता पोसवाल व स्वाति गोयल उपस्थित रहे।

---

# खाटू श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर कार्यक्रम

- मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था गीता का उपदेश : दीपक पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में सोमवार को मोक्षदा एकादशी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर मंदिर परिसर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लगी रहीं। एकादशी के उपलक्ष्य में विशेष भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। कीर्तन में भजन गायकों ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। संध्या आरती के समय पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को अजा एकादशी का महत्व भी बताया गया। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पंडित दीपक पांडे ने भक्तों ने भगवान श्री विष्णु की पूजा की और भगवद गीता का पाठ किया। इस दिन गीता जयंती भी मनाई जाती है, क्योंकि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। इस अवसर पर भक्त उपवास रखकर, मंदिरों में जाकर और जरूरतमंदों की सेवा करके पुण्य कमाते हैं। इस मौके पर श्री खाटू श्याम मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि हर एकादशी पर मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। करनाल सहित दूर-दराज से श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन करने आते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, राजेश गर्ग, महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण गोयल, अशोक सिंघला, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**करनाल।** एकादशी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर कमेटी के सदस्य एवं पंडितगण व उपस्थित श्रद्धालु।

# शहर में आवारा कुत्तों को लेकर नोडल अधिकारी करें नियुक्त : उत्तम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आवारा कुत्तों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना के लिए मिशन मोड में कार्य करें। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, खेल परिसरों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा आदि स्थानों पर आवारा कुत्तों का प्रवेश नहीं होना चाहिए। इस कार्य में सभी विभाग अपना नोडल अधिकारी नियुक्त करें। आवारा कुत्तों को पकडऩे, उनकी नसबंदी करने, डॉग शैल्टर तैयार करने तथा उनकी गणना जैसे कार्य जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि गांवों में पंचायतों के माध्यम से इस कार्य को कराया जाए । उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सभी स्कूलों के प्राचार्यों व मुख्य अध्यापकों को निर्देश जारी करें कि उनके परिसर पर कोई भी आवारा कुत्ता प्रवेश न कर पाए। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने, उन्हें रखने तथा उनके लिए उचित आहार की व्यवस्था करें।



इंद्री। इंद्री मे हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप।

---

# शिव शक्ति इंटर ग्लोबल करवाएगा बारह कन्याओं का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड तरावड़ी की ओर से सामूहिक कन्याओं के विवाह का आयोजन किया जायेगा।

बंसत पंचमी के दिन 23 जनवरी को यह आयोजन करवाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये कम्पनी के निदेशक रमेश गुप्ता ने बताया कि आसपास के कस्बों व शहर मे जरूरतमंद परिवारों की 12 कन्याओं का विवाह धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करवाया जायेगा। यह भव्य सामूहिक विवाह समारोह 23 जनवरी 2026 को सेलिब्रेशन पैलेस, तरावड़ी में अयोजित किया जाएगा। कंपनी के सीएमडी रमेश गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपनी बेटियों की शादी अच्छे तरीके से नहीं कर पा रहे। उन्होंने बताया कि विवाह समारोह में सभी रस्में धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूरी की जाएंगी और हर जोड़े को कपड़े, फर्नीचर व आवश्यक घरेलू सामान भी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की टीम द्वारा इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।



तरावड़ी। जानकारी देते हुये कंपनी के सीएमडी रमेश गुप्ता साथ मे अमन गुप्ता।

### श्रीमद्भगवत गीता का संदेश पूरी मानवता के लिए सार्थक : कपूर

# गीता के मंत्र मनुष्य को बनाते हैं ऊर्जाशील और धैर्यवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी/तरावड़ी

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव महापर्व पर गीतामनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी के वैश्विक आह्वान पर आज श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में ललिता शास्त्री सनातन धर्म स्कूल के बच्चों ने एक मिनट एक साथ गीता पाठ कर महोत्सव को मनाया गया।स्वामी ज्ञानानंद जी के आह्वान पर इस अवसर पर श्रीमद्भगवत गीता के एक मिनट एक साथ सामूहिक रुप से 3 श्लोकों का उच्चारण भी किया गया। मंदिर सभा के उपाध्यक्ष प्रवीण आनंद ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष एवं मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि करीब 5163 वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को माध्यम बनाकर जो ज्ञान देकर विषाद को समाप्त किया था तथा मनुष्य के जीवन के धर्म के बारे व्याख्या की थी वह संदेश केवल अर्जुन के लिए या किसी जाति विशेष के लिए नहीं अपितु पूरी मानवता के लिए थी। शिव नाथ कपूर ने गीता के संदेश को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर विशिष्ट स्थान प्रदत्त करवाने हेतु हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री जो अब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को श्रेय जाता है वहीं स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने वैश्विक स्तर पर श्रीमद्भागवत को स्थापित करवाने हेतु जो प्रयास है वह उल्लेखनीय है।



**तरावड़ी।** एस डी एम एन विद्या मंदिर के बच्चें गीता पाठ करते हुए।

#### कार्यक्रम में गीता के मंत्रों का महत्व बताया

इस अवसर पर आचार्य जगदीश शर्मा ने एक साथ 3 गीता जी के मंत्रों का उच्चारण करवाकर व्यक्ति को धैर्यवान, सकारात्मक दृष्टिकोण तथा धर्म का मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि इसी से जीवन में शांति संभव है अन्यथा नकारात्मक सोच तथा अधर्म सोच जो दुर्योधन की रही उससे महाभारत युद्ध की तरह विनाश संभव है।यह व्यक्ति के विवेक पर निर्भर है कि वह युद्ध(विनाश)चाहता है या शांति। इस अवसर पर काफी संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित थे। इसके अलावा एस डी एम एन विद्या मंदिर में भी स्कूल के बच्चों ने एक साथ एक मिनट गीता पाठ के आह्वान पर गीता पाठ किया। जिसमें स्कूल की प्रबंध समिति के सूरज दुआ तथा सुरेंद्र भाटिया एवं स्कूल की प्राचार्य एवं मंदिर में प्रवीण आनंद सहित अश्विनी शर्मा, निखिल मलिक, श्रीमति रोमा आहुजा, श्री मति गीता तथा श्री मति आशा नांगरु सहित काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### नशे के विरुद्ध जनता को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा नशे पर अंकुश लगाने के लिए डोर टू डोर जागरूक्ता अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तहत गठित नशा मुक्त टीम ने सोमवार को गांव राक्सेहडा व हथवाला में घर-घर जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देने के साथ राष्ट्रीय हेल्पलाइन मानस 1933 के बारे में जागरूक किया। वहीं, पुलिस टीम ने ग्रामीणों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। वहीं, नशा एक अभिशाप है। इस अभिशाप को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

### समाधान शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित किए गए समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह ने कहा कि जनता समाधान शिविर में प्राप्त 39 शिकायतों को हम गंभीरता से ले रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हर शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण किया जाए। जनता की समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं, और हम विभागीय टीमों के माध्यम से यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी नागरिक को समाधान के लिए भटकना न पड़े। इधर, डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा और विश्वास दोनों का ध्यान रखता है। शिविर में दर्ज पुलिस से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच कराई जाएगी।

### ट्यूबवेल से चोरों ने थ्री फेस तार चोरी की

**पानीपत।** भाकिय के प्रदेश प्रवक्ता प्रवक्ता मनोज जागलान के खेत में बनी ट्यूबवेल से चोरों ने थ्री-फेस डोरी चोरी कर ली। चोरों ने स्टार्टर से ट्यूबवेल तक करीब पंद्रह फुट की तार काट कर चोरी कर ली। जागलान ने बताया कि चोरी हुए तार की कीमत करीब सात हजार रूपये है। इधर, जागलान की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री परिसर से बाइक चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव नैन निवासी गुलाब सिंह पुत्र ईश्वर सिंह की मोटरसाइकिल संख्या एचआर 06 बीएल 7579 को अज्ञात लोगों ने अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री परिसर से चोरी कर लिया। इधर, गुलाब की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गीता जयंती पर यज्ञ किया

**पानीपत।** समालखा में गीता जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शरण यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसमें धर्म और आध्यात्मिकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुड मंडी मंदिर के पास से शोभायात्रा निकाली कर की गई। वहीं, शोभायात्रा रेलवे रोड और जीटी रोड से होते हुए नई अनाज मंडी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पार्षद संजय गोयल, रेखा गोयल, आनंद आर्य समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एड्स के विरुद्ध जागरूकता किया

**पानीपत।** रेडक्रॉस के स्टॉल पर प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश और उनकी टीम कला देवी, सोनिया, हरमेश तथा विनोद कुमार ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर युवाओं को एचआईवी/एड्स से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। सुदेश ने कहा की एड्स से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है जागरूकता। सुरक्षित व्यवहार, समय पर जांच और भ्रांतियों को दूर करना ही हमें इस बीमारी से सुरक्षित रख सकता है। उनके संदेश ने युवाओं को एड्स के प्रति सजग और संवेदनशील बनाया।

---

## श्री बांके बिहारी ज्ञानेश्वर मंदिर श्रीकृष्ण वेद विद्यालय में गीता जयंती महोत्सव

# मानवता की निष्काम सेवा का संदेश देती है गीता : गुप्ता

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गीता परिवार उत्तरांचल के तत्वावधान में श्री बांके बिहारी ज्ञानेश्वर मंदिर श्रीकृष्ण वेद विद्यालय, अंसल सुशांत सिटी, पानीपत में उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं, गीता परिवार की प्रभारी शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि विश्व के हर नागरिक को गीता निष्काम सेवा का ज्ञान देती है। वहीं, गीता महोत्सव में मेयर कोमल सैनी मेयर नगर, सुभाष चंद्र भारद्वाज, प्रिंसिपल डाइट अतिथि रहे। वहीं, कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार कर गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। वहीं, श्लोक उच्चारण, गीता पारायण भक्तिमय संगीत के द्वारा स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज के जीवन पर वेद विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनोहिनी प्रस्तुति दी। वहीं, विद्यार्थियों को गीता परिवार उत्तरांचल की प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता ने पुरस्कृत किया। जबकि श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ कर, गीता जी की आरती कर, प्रसाद बांटा कर कार्यक्रम को विराम दिया गया। इस अवसर पर गीता परिवार से ममता वर्मा, सुनीता खन्ना, मीनू गोयल, किरण मित्तल, सीमा गोयल, राजेश भारद्वाज, लोकेश, महेंद्र अग्रवाल, प्रदीप, कमल, गोविंद चौधरी, बलजीत, सोनिया बंसल, मनीषा वत्स, सुदेश हुडा, आशुतोष तिवारी, विशाल, संजय शर्मा, गोविंद समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**पानीपत।** गीता परिवार उत्तरांचल की प्रभारी शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता, मेयर अवनीत कौर को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गीता उत्सव से सकारात्मक व सांस्कृतिक चेतना का हुआ संचार

**पानीपत।** आर्य पीजी महाविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव सोमवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया। वहीं, मुख्यातिथि मेयर कोमल सैनी ने अपने संबोधन में कहा की हर समस्या का समाधान गीता देती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन एक श्लोक पढ़ने की आदत डाल ले, तो जीवन की आधी उलझनें स्वयं सुलझ जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गीता के सभी 18 अध्याय पढ़े हैं, इसलिए वे हर परिस्थिति में सटीक और साहसिक निर्णय लेने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि गीता को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में गीता मनीषी ज्ञानानंद का योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सफल आयोजन के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को बधाई देते हुए कहा की गीता महोत्सव ने पूरे जिले में सकारात्मकता, ज्ञान और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया है। इतने भव्य आयोजन को सफल बनाना टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताडा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वालों का आभार जताया। इधर, कार्यक्रम में एसडीएम मनदीप, रमेश माटा, कुंवर रविंदर सैनी, सुरेंद्र मलिक, ज्योति भाटिया, लेखराज जताना, जैन सभा के महामंत्री राजेंद्र जैन, साहब सिंह रंगा, प्रीतम गुर्जर समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। वहीं, बडी संख्या में नागरिकों ने आयोजित प्रदर्शनी में स्वदेशी उत्पादों की खरीद कर आत्मनिर्भर भारत के नारे को सशक्त किया।




**पानीपत।** गीता उत्सव में एड्स के विरूद्ध जनता को जागरूक करते हुए युवा वर्ग।

---



**पानीपत।** यूनिटी मार्च में भाग लेते हुए भाजयुमो के प्रदेश सचिव जयदेव नौल्था आदि।

# स्वदेशी से आत्मनिर्भर राष्ट्र बनेगा भारत : जयदेव

- पानीपत के भाजपाइयों ने यूनिटी मार्च में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राष्ट्र की एकता, अखंडता और लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के महान व्यक्तित्व को समर्पित जयपुर से शुरू हुए यूनिटी मार्च में हरियाणा के भाजपाइयों ने भाग लिया और स्टेचू ऑफ यूनिटी पर पहुंच कर सरदार पपटेल की प्रतिमा का अवलोकन किया।

वहीं, इस ऐतिहासिक यात्रा में हरियाणा के संयोजक भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव जयदेव नौल्था ने कहा कि सरदार पटेल ने आत्मनिर्भर विकसित भारत का सपना देखा था, इस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में व मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा में साकार करने में दिन रात मेहनत कर रहे है। वहीं, यूनिटी मार्च में हरियाणा से 54 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इनमें से पानीपत से भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अमित पंडित प्रदेश आईटी प्रमुख एवं यात्रा के सह संयोजक सुनील कपूर, मंथन शर्मा, गुरुदत्त आदि ने भाग लिया।

स्मरणीय है कि यूनिटी मार्च का शुभारंभ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया था। इधर, जयदेव ने कहा कि यूनिटी मार्च में प्रतिभागियों ने राष्ट्रसेवा से जुड़े कई सार्थक कार्य भी किए, सरदार पटेल जी के नाम पर व्यापक पौधारोपण अभियान, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, युवाओं में राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा की भावना, चरित्र निर्माण का आह्वान किया गया।

---

# प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें नागरिक : डॉ. शशि

- प्लास्टिक हर तरह से पर्यावरण के लिए घातक है
- विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक स्किल को सीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ईबी कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'पर्यावरण संरक्षण' एवं 'प्लास्टिक को ना कहे' विषय पर 'मोंटेज' प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि प्लास्टिक हर तरह से पर्यावरण के लिए घातक है, इसके मद्देनजर हर परिवार को प्रकृति व पर्यावरण हित में प्लास्टिक उत्पादों का त्याग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने दोस्तों, रिश्तेदारों, पडोसियों, कालोनी निवासियों, गांव व शहर निवासियों को प्लास्टिक से मानवता को हो रहे नुकसान की जानकारी देकर सचेत करना चाहिए।

जबकि वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की कला को निखारने के लिए मोंटेज प्रतियोगिता करवाई गई ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक स्किल को सीखें।

वहीं, प्रतियोगिता में आरुषि प्रथम, तनु द्वितीय, दीपाली तृतीय रही। जबकि सांत्वना पुरस्कार खुशी, भारत व आदित्य को मिला। विजेताओं को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने पुरस्कृत किया।



**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विद्यार्थी प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने का संदेश देते हुए।

---

# मानवता के लिए रक्तदान किया




**समालखा।** रक्तदाओं का हौंसला बढाते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

- शिवर में 38 नागरिकों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा निफा संस्था द्वारा एचडीएफसी बैंक समालखा के सहयोग से हथवाला रोड स्थित एच एंड डी मेडिकल मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया। वहीं, समालखा निफा टीम के प्रधान संदीप शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन पानीपत रेड क्रॉस ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया है। शिवर में 38 नागरिकों ने रक्तदान किया। संदीप शर्मा ने बताया की निफा संस्था द्वारा जनता को रक्तदान के फायदे बता कर रक्तदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि एच एंड डी मेडिकल से सागर शर्मा ने अपनी टीम के साथ कैंप को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। इस अवसर पर भाजपा समालखा शहरी अध्यक्ष रेखा गोयल, पार्षद संजय गोयल, भाजपा जिला सचिव नरेश बेनीवाल, एचडीएफसी बैंक समालखा से जितेंद्र सिंह व निफा समालखा से सचिव देवेंदर पाल सिंह, महिला विंग कोऑर्डिनेटर मनिंदर कौर, ग्रामीण इंचार्ज डॉक्टर जोगिंदर गाहल्याण, नीरज कुमार जांगड़ा, राजकुमार, राजेंदर मनचंदा, सौरव, दिलजीत सिंह, अनीश, आशा आदि उपस्थित रहे।

---

# इंसान को तनाव से मुक्त करता है मेडिटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा रिफाइनरी टाउनशिप स्थित ऑफसिर्स क्लब में एडवांस मेडिटेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक सुरेंद्र गोयल ने किया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में प्रातःकालीन साधना तथा ध्यान सत्र संतोषी साहू द्वारा संचालित किए गए। इन सत्रों के दौरान सभी प्रतिभागियों ने गहरी शांति, स्थिरता और ऊर्जा का अनूठा अनुभव किया। साधकों ने भीतर से उत्पन्न होने वाली शांति, बढ़ी हुई ऊर्जा तथा दिव्यता का गहन अनुभव प्राप्त किया। कोर्स के आयोजन में संतोषी साहू और विश्वजीत की अहम भूमिका रही। वहीं सफल बनाने में प्राची, शीतल आनंद और मनमोहन का सहयोग प्राप्त हुआ। जबकि कुसुम धीमान का भी विशेष सहयोग रहा।



**पानीपत।** आर्ट ऑफ लिविंग के मेडिटेशन कार्यक्रम में भाग लेते साधक।

---

# संविधान चौक पर दीपोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में सोमवार की देर सांय गीता महोत्सव के अंतिम दिन स्थानीय संविधान चौक पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न समाजसेवियों सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। वहीं, दीपोत्सव का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी व पार्षद अनिल मदान ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जीवन जीने की सम्पूर्ण कला सिखाती है। वहीं हर नागरिक को गीता के ज्ञान को आत्मसात करना चाहिए। गीता स्वयं के व्यक्तित्व को निखारने के लिए बहुत बड़ी विधि बताती है। गीता हमारी सांस्कृतिक विरासत है। वहीं, गीता का संदेश जीवन में अपनाने से जीवन सुखमय होता है। गीता हमारी सनातन संस्कृति की परम्परा और सभ्यता की सूचक है।




**पानीपत।** संविधान चौक पर गीता जयंती पर दीपोत्सव बनाते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

---

**बैठक** कांग्रेसी सरकारों ने कभी भी भारत को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास नहीं किया

# विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है भारत : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। वहीं, भाटिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन प्रतिदिन तरक्की करते हुए हमारा देश भारत विकसित बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी का त्याग कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाना चाहिए। वहीं, आजादी से पहले भी भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था और भारतीय रुपये में ही विश्व व्यापार होता था लेकिन अंग्रेजों ने हमारी स्वदेशी अर्थव्यवस्था को तहस नहस किया। वहीं देश की आजादी के बाद कांग्रेस की सरकारों ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया और अब इस देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने ओर भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए अनेक अभियान चलाए जा रहे है जिनमें स्वदेशी अपनाओ अभियान भी शामिल है। इस अवसर पर भाजपा नेता तनेजा, दिनेश पुजारा, रोहतास , विजय , विशाल गोस्वामी, हिमांशु वीरमणि, सुमित, संदीप मालिक, दीपक, राज कुमार, संदीप मेहरा, संजय जुनेजा मौजूद रहे।



**पानीपत।** भाजपा नेता नवीन भाटिया के साथ पीएम मोदी का संबोधन सुनते पार्टी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---

### रोजगार मेला चार को

**पानीपत।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में चार दिसंबर के आयोजित होने जा रहे रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला उद्योग केंद्र, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहे। मेला का शुभारंभ केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### शरीर को निरोग करे योग

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयुष विभाग की ओर से योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग विषय विशेषज्ञ नीलिमा ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, लंबी श्वास तथा अनुलोम–विलोम योग की विस्तृत ट्रेनिंग दी। वहीं, सचिवालय में आठ दिसंबर तक तक प्रतिदिन सुबह साढे नौ से दस बजे तक सचिवालय सभागार में चलेगा। उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर निरोगी रहता है।

### क्विज में सुभाष सदन प्रथम

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैम्प के कृष्ण नगर स्थित विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस क्विज में सुभाष सदन विजेता रहा। विजेता को स्कूल के मैनेजर विक्रम गांधी ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रियंका बठला, टीचर्स सुजाता, गगन छाबड़ा, उषा मनुजा, जयदीप, सोनित, हरनीत, पूजा शर्मा, सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

